विधानसभा आवश्यक

राजस्थान सरकार

कार्यालय आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 26(वि.स./सामान्य)स्था/निकाशि/2019/232 दिनांकः 18 जून, 2019

1. समस्त प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

2. समस्त सहायक निदेशक,
क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा,
राजस्थान।

विषयः विधानसभा प्रश्नों के उत्तर तुरन्त भेजने बाबत।

महोदय,

जैसा कि आपको विदित होगा कि 15वीं विधानसभा का द्वितीय सत्र दिनांक 27 जून 2019 से प्रारम्भ होने जा रहा है। सत्र में सचिवालय स्तर से विधानसभा के महत्वपूर्ण प्रश्न कटौती प्रस्ताव, स्थगन प्रस्ताव एवं ध्यानाकर्षण प्रस्ताव आयुक्तालय को प्राप्त होते है, जिनका उत्तर राज्य सरकार को समय पर भिजवाया जाना आवश्यक है।

यह देखने में आया है कि जब महाविद्यालयों से विधानसभा से संबंधित सूचना मांगी जाती है तो महाविद्यालयों से सूचना समय पर प्राप्त नहीं होती है। इसके अभाव में विधानसभा प्रश्न का उत्तर तैयार करने में बड़ी कठिनाई उत्पन्न होती है।

इस संबंध में कृपया आप सुनिश्चित करें कि विधानसभा से संबंधित चाही गई सूचना 24 घण्टे में आयुक्तालय की संबंधित शाखाा की ई–मेल आई.डी. पर भिजवा दी जावे।

ई–मेल. आई.डी. निम्नानुसार हैः–

1	संयुक्त निदेशक, एच.आर.डी	hrd.cce@gmail.com
2	संयुक्त निदेशक, आयोजना	jdplan.cce@gmail.com
3	संयुक्त निदेशक, अकादमिक	jdacad1960@gmail.com
4	संयुक्त निदेशक, प्रशासन	jdadmn.cce@gmail.com
5	संयुक्त निदेशक, निजी संस्थायें	jdpi.cce@gmail.com
6	संयुक्त निदेशक, आर.वी.आर.ई.एस.	rvres.cce@gmail.com
7	उपविधि परामर्शी	legal.cce@gmail.com
8	वित्तीय सलाहकार	cao.cce@rajasthan.gov.in

उसकी प्रति डाक द्वारा भी प्रेषित की जाये। इस हेतु वरिष्ठ जिम्मेदार अधिकारी (नोड़ल अधिकारी) का मनोनयन कर उसका घर का पता, दूरभाष/मोबाईल नम्बर आदि निम्न तालिका में आयुक्त कार्यालय को तीन दिवस में सूचित करें :–

क्र.सं.	अधिकारी का नाम	पता	टेलीफोन/मोबाईल नम्बर
1	प्राचार्य		
2	नोडल अधिकारी		

विधानसभा के सत्र काल के दौरान जिम्मेदार नोड़ल अधिकारी/प्राचार्य मुख्यावास नहीं छोड़ेगें।

भवदीय,

(त्रिभुवनपति)
अतिरिक्त आयुक्त

क्रमांकः एफ 26(वि.स./सामान्य)स्था/निकाशि/2019/232 दिनांकः 18 जून, 2019

प्रतिलिपिः वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कृपया आयुक्तालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।

(डॉ. ताराचंद बैरवा)
प्रभारी विधानसभा,
कॉलेज शिक्षा, राज0, जयपुर